कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

::कार्यालय आदेश::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–2/45002/प्रधानाचार्य/स्थानान्तरण/2021 दिनांक 04.01.2021 द्वारा श्री अभय सिंह राठौड़, प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रायमला जिला जैसलमेर का स्थानान्तरण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टड़ाना जिला जैसलमेर किया गया था जिसके विरूद्ध श्री अभय सिंह राठौड़ द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर से एस.बी.सिविल याचिका संख्या 1336/2021 श्री अभय सिंह राठौड बनाम राजस्थान राज्य व अन्य में अन्तरिम स्थगनादेश दिनांक 21.01.2021 प्राप्त कर लिया गया।

श्री अभय सिंह राठौड द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में एक अन्य याचिका संख्या 1652/2021 दायर की गई जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 28.01.2021 को निर्णय पारित कर याचिकार्थी को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष रिक्त पद प्रदर्शित करते हुए एक अभ्यावेदन प्रस्तुत करने और सक्षम अधिकारी द्वारा उपर्युक्त आशय का अभ्यावेदन प्राप्त होने की स्थिति में उसे विधि अनुसार राज्य सरकार व विभाग के दिशा–निर्देशों/नियमों/परिपत्रों के परिप्रेक्ष्य में एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) प्रसारित करते हुए 6 सप्ताह के भीतर निस्तारित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गए।

माननीय न्यायालय निर्णय के क्रम में याचिकार्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन में स्वयं के दिनांक 31.08.2021 को सेवानिवृत्त होने को मद्देनजर रखते हुए अपना समायोजन राउमावि तिबना, शेरगढ जिला जोधपुर/राउमावि पदमगढ, शेरगढ जिला जोधपुर/राबाउमावि शेरगढ जिला जोधपुर/राउमावि गड़ा, शेरगढ जिला जोधपुर अथवा राउमावि सोमेसर, शेरगढ जिला जोधपुर में प्रधानाचार्य के किसी रिक्त पद पर किये जाने की मांग की गई।

याचिकार्थी के अभ्यावेदन का माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय एवं राज्य सरकार एवं विभाग के दिशा–निर्देशों/नियमों/परिपत्रों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण किया गया एवं उनसे सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन करते हुए उनकी मांग पर विचार किया गया। याचिकार्थी की निकट सेवानिवृत्ति एवं उनकी प्रतिकूल पारिवारिक परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए याचिकार्थी श्री अभय सिंह राठौड, स्थानान्तरणाधीन प्रधानाचार्य (राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रायमला जिला जैसलमेर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टड़ाना जिला जैसलमेर) का पदस्थापन स्थान उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर संशोधित करते हुए उनका समायोजन राउमावि सोमेसर, शेरगढ जिला जोधपुर (220220) में प्रधानाचार्य के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है। सम्बन्धित सूचित हो।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा./संस्था/बी–2/एसबीसिया/अभयसिंह/1652/2021/ दिनांकः 09.02.21

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, जोधपुर संभाग, जोधपुर।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जैसलमेर/जोधपुर।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक जैसलमेर/जोधपुर।
6. सम्बन्धित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
7. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जोधपुर।
8. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
9. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
10. श्री अभय सिंह राठौड, स्थानान्तरणाधीन प्रधानाचार्य, राउमावि टडाना जिला जैसलमेर।
11. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)